बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि०

खाद्य भवन, दारोगा प्रसाद राय पथ, आर०ब्लॉक रोड नं०-2 पटना-01

पत्रांकः-2:05:206:1:2014 पार्ट 2 परिवहन/पटना, दिनांक-

प्रेषक,

पंकज कुमार,भा०प्र०से०
प्रबंध निदेशक।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

विषयः- **निर्धारित आवश्यकता और कार्यरत परिवहन अभिकर्त्ता से उत्पन्न रिक्ति के बिरूद्ध परिवहन अभिकर्त्ता (मुख्य एवं डोर स्टेप डिलेवरी) की नियुक्त करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि निगम मुख्यालय पत्रांक 10367 दिनांक 17.08.2016 एवं पत्रांक 10851 दिनांक 30.08.16 से मुख्य सचिव, बिहार सरकार के निदेश के आलोक में परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता (मुख्य)/ परिवहन हथालन-सह-आपूर्ति अभिकर्ता (डी०एस०डी०) की नियुक्ति का अधिकार पत्र निर्गत की तिथि से सभी जिलों में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता वाली जिला परिवहन समिति को दे दिया गया है।

आपके जिला हेतु परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता (मुख्य) एवं परिवहन हथालन-सह-आपूर्ति अभिकर्ता (डी०एस०डी०) के लिए निर्धारित आवश्यकता, उसके विरुद्ध कार्यरत एवं रिक्ति की जिलावार सूची संलग्न करते हुए अनुरोध है कि रिक्ति के विरुद्ध परिवहन अभिकर्त्ताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया **एक माह के अन्दर हर हाल में पूरी कर ली जाय** ताकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न का नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत उठाव एवं वितरण सुनिश्चित किया जा सके और खाद्यान्नों को व्ययगत होने से बचाया जा सके।

कृपया इसका शत प्रतिशत अनुपालन समय-सीमा के अन्दर सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

अनु०-परिवहन अभिकर्ता की रिक्ति की सूची।

ह०/-
(पंकज कुमार)
प्रबंध निदेशक।

ज्ञापांक- 2175 पटना/ दिनांक- 04/03/17

प्रतिलिपिः-सभी जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि जिला परिंवहन समिति के माध्यम से परिवहन अभिकर्ताओं की रिक्ति को समय-सीमा के अन्दर भरने का कार्य पूरा कर मुख्यालय को सूचित किया जाय।

4/3/17

(पंकज कुमार)
प्रबंध निदेशक।

S*KG_Trnspt: 149